- जिन शब्दों से काम के करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया कहते हैं।
- हँसना, रोना, लिखना, पढ़ना, भागना, चलना आदि सभी क्रियाएँ हैं।

## आओ अभ्यास करें

**1. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

क. राहुल केला ......खा...... रहा है।

ख. पक्षी आकाश में ......उड़...... रहे हैं।



ग. मछलियाँ ......तैर...... रही हैं।

घ. हितेश गाना ......गा...... रहा है।

ङ. घोड़ा ......दौड़...... रहा है।

2. दिए गए संज्ञा शब्दों को उसकी सही क्रिया ( काम ) से मिलाइए

| | |
|---|---|
| क. बिल्ली | i. नाच रहा है। |
| ख. धोबी | ii. आकाश में उड़ रहा है। |
| ग. मोर | iii. घास खा रही है। |
| घ. विमान | iv. कपड़े धो रहा है। |
| ङ. गाय | v. दूध पी रही है। |

3. क्रिया शब्दों पर गोला ◯ लगाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पढ़ना | सुधा | सुनना | पानी | हँसना | वह |
| सुंदर | हरा | उठना | लाल | सोना | जागना |
| अमन | करेला | लिखना | मीठा | बोलना | कड़वा |

4. आप रविवार को क्या-क्या काम करते हैं?

क. मैं सवेरे जल्दी ........ उठता ........ हूँ।

ख. उठने के बाद मुँह ........ धोता ........ हूँ।

ग. फिर एक गिलास दूध ........ पीता ........ हूँ।

घ. उसके बाद पार्क में ........ टहलता ........ हूँ।

ङ. वहाँ अपने दोस्तों के साथ ........ खेलता ........ हूँ।

च. फिर अपने घर वापस ........ आता ........ हूँ।

## आओ अभ्यास करें

**1. उलटे अर्थ वाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाइए–**

| | |
|---|---|
| दूर | नीचे |
| अँधेरा | जीत |
| ऊपर | पास |
| हार | उजाला |
| गीला | उत्तर |
| प्रश्न | सूखा |

**2. विलोम शब्दों पर गोला ◯ लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंदर | × | बाहर (circled) | भीतर |
| आज | × | अभी | कल (circled) |
| साफ़ | × | गंदा (circled) | स्वच्छ |
| अच्छा | × | कच्चा | बुरा (circled) |

**3. उलटे अर्थ वाले शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए–**

क. होली के दिन सब मित्र तथा ......शत्रु...... गले मिले।

ख. चूहा छोटा होता है, परंतु जिराफ़ ......बड़ा...... ।

ग. रतन ने पुराना घर बेचकर ......नया...... घर ले लिया।

घ. हमें कम बोलना चाहिए और ......ज्यादा...... सुनना चाहिए।

## आओ अभ्यास करें

1. रेखा खींचकर समान अर्थ वाले शब्दों का मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| हाथी | सुमन |
| पानी | चंद्रमा |
| फूल | गज |
| आकाश | जल |
| चाँद | आसमान |

बताओ इन्हें और क्या कहते हैं–

शेर – सिंह

पेड़ – वृक्ष

घर – गृह

सूर्य – सूरज

हाथी – गज

बादल – मेघ